27.06.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने भारत को विश्व में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है। आज संसद में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने कई वैश्विक समस्याओं का समाधान खोजने के लिए कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि उत्पादों के लिए भंडारण पहल पर काम कर रही है और कृषि उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि वैश्विक स्तर पर जैविक उत्पादों की मांग बढ़ी है और भारतीय किसान इस मांग को पूरा करने में सक्षम हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संसद के दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया जाएगा, जिस पर सदस्य चर्चा करेंगे। राज्यसभा का सत्र आज राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। इससे पहले लोकसभा सत्र सोमवार से शुरू हो गया था।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने सेवानिवृत न्यायाधीश गंगाराम मूलचंदानी को राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अशोक गुप्ता को आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्ति के आदेश जारी किए गये हैं। ये अधिकारी पद धारण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो के लिए पद पर बने रहेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज झुंझुनूं से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का पेंशनर्स के बैंक खातों में सीधा हस्तान्तरण करेंगे। मुख्यमंत्री, 88 लाख 44 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में 1 हजार 38 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि हस्तान्तरित करेंगे। इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत भी मौजूद रहेंगे। विभिन्न जिलों में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से जुड़ने के लिए व्यापक तैयारियां की गयी हैं। लाभार्थियों में इसे लेकर उत्साह बना हुआ है। गौरतलब है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशन राशि एक हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर एक हजार 150 रुपये की गयी है। ये बढ़ी हुई पेंशन राशि एक अप्रैल 2024 से लागू हुई है।

000

देशभर में एक जुलाई से लागू होने जा रहे तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से राज्य में कई कार्यक्रम हो रहे हैं। इसे लेकर झुंझुनूं के चिड़ावा–पिलानी रोड स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में आज सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार में चिड़ावा डीएसपी विकास धीन्धवाल सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के थाना प्रभारी, सहायक निरीक्षक, हेड कॉन्स्टेबल, कॉन्स्टेबल और विधि के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता लोकेश शर्मा ने नए कानूनों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी पुलिस कर्मियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

000

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में आज शाम भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला जाने वाला ये मैच रात आठ बजे से शुरू होगा। भारत इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा है। जबकि इंग्लैंड मौजूदा चैंपियन है।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर हुई बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी इलाकों में कहीं–कहीं भारी से अति भारी बारिश भी हुई है। पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही कहीं–कहीं धूलभरी आंधी चली। सर्वाधिक तेरह सेंटीमीटर बारिश धौलपुर तहसील में हुई। भीलवाडा के बदनौर और आसींद में नौ–नौ सेंटीमीटर, अजमेर के मसूदा में आठ, कोटा और जयपुर के फागी में सात–सात सेंटीमीटर बारिश हुई। इनके अलावा चित्तौड़गढ़, उदयपुर, सिरोही, सीकर, अलवर, भरतपुर, दौसा, बारां, बूंदी, झालावाड़, राजसमंद, सवाईमाधोपुर और टोंक जिलों में कहीं–कहीं एक से छह सेंटीमीटर पानी बरसा।

000